षोडश

बिहार विधान-सभा

पंचम सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-2

मंगलवार, तिथि 09 फाल्गुन, 1938 (श0) / 28 फरवरी, 2017 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 03

(1) शिक्षा विभाग	..	..	02
(2) समाज कल्याण विभाग	..	..	01
		कुल योग ---	03

निजी विद्यालयों को बंद करना

1. श्री भाई वीरेन्द्र--दिनांक 3 फरवरी, 2017 को स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''पटना के 1,190 निजी स्कूल बंद होंगे'' के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा राज्य के बच्चों को मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार नियमावली, 2011 में प्रावधानित कानून के तहत राज्य में संचालित सभी निजी विद्यालयों को सरकार से प्रस्वीकृति लेना अनिवार्य है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सिर्फ पटना जिला के 1,190 निजी विद्यालय निर्धारित माप दंडों के विपरीत विद्यालय संचालित कर रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निर्धारित माप दंडों के विपरीत संचालित निजी विद्यालयों को बन्द कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

वृद्धावस्था पेंशन देना

2. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन सुविधा के अन्तर्गत 60 वर्ष उम्र पूर्ण करने वाले सभी व्यक्तियों को समान रूप से वृद्धावस्था पेंशन देने की व्यवस्था सरकार द्वारा की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के निर्णय के बावजूद सिर्फ बी0पी0एल0 परिवार के व्यक्ति को ही वृद्धावस्था पेंशन दिया जा रहा है जिसके फलस्वरूप ए0पी0एल0 परिवार इससे वंचित हो रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार के निर्णय के अनुसार 60 वर्ष पूर्ण होने वाले सभी वृद्धों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अन्तर्गत वृद्धावस्था पेंशन देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दोषियों पर कार्रवाई

3. श्री भाई वीरेन्द्र--दिनांक 3 फरवरी, 2017 को स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''नियोजन इकाइयाँ नहीं मानती विभाग का आदेश'' के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011 में टी0ई0टी0एस0टी0ई0टी0 उत्तीर्ण शिक्षक अभ्यार्थियों में से राज्य के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षक के क्रमश: दस हजार एवं पाँच हजार पदों पर दिनांक 17 जनवरी, 2017 से 3 फरवरी, 2017 तक पाँचवें चरण की नियोजन पत्र बाँटने संबंधी शिक्षा निदेशालय, बिहार, पटना द्वारा प्रमंडलवार नियोजन इकाई को दिये गये आदेश का अनुपालन नियोजन इकाई द्वारा नहीं किये जाने के चलते विद्यालयों में शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार दोषियों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 28 फरवरी, 2017 (ई0) ।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 107-डी0टी0पी0-500